an>

Title: Regarding safety and security of statues of Bharat Ratna Bhimrao Ambedkar in the country.

श्री हरीश मीना (दौसा) : अध्यक्ष महोदय, बाबा साहब अम्बेडकर की 125वीं जयंती पूरे देश में व्यापक रूप से मनाने के लिए मोदी जी को धन्यवाद देना चाहता हूं। अभी हाल में मेरे निर्वाचन क्षेत्र के एक गांव गढ़ हिम्मत सिंह गया था, वहां 10 साल से बाबा साहब अम्बेडकर जी की मूर्ति नहीं लगाई जाने दी थी, ग्राम पंचायत के सरपंच ने इसके लिए जमीन भी दी हुई थी,मूर्ति भी बनी हुई थी लेकिन कोई उसको स्थापित नहीं करने दे रहा था। जब इस बात को मेरे ध्यान में लाया गया तो मुझे बहुत पीड़ा हुई। मैं स्वयं जाकर इसे स्थापित कराया, लोग इस बात से इस मूर्ति को स्थापित नहीं कर रहे थे कि कुछ लोग इससे नाराज हो जाएंगे। बाबा साहब किसी पार्टी के नहीं थे, किसी समाज के नहीं थे, पूरे देश के एक सम्मानीय नेता थे। लेकिन इसके साथ अब क्या हो रहा है, अनेक घटनाएंÃ¬ बाबा साहब की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने की सामने आती हैं। **....**[*](#) आज तक हिन्दुस्तान में किसी भी प्रदेश की पुलिस ने एक भी आदमी को नहीं पकड़ा है। यह एक बहुत ही बड़ा Â षडयंत्र है मैं इसके लिए केन्द्र सरकार को आगाह करूंगा कि जहां भी ऐसा अत्याचार उनके संज्ञान में आता है, इसकी संगीनता को लिया जाए और लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

माननीय अध्यक्ष :

श्री कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री पी.पी. चौधरी,

श्री मनोज राजोरिया,

श्री रामचरण बोहरा और

डॉ. वीरेन्द्र कुमार को श्री हरीश मीना द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।